वार्षिक रिपोर्ट 2014-15
Annual Report

संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग

(गोवा राज्य और संघ राज्य क्षेत्र)

JOINT ELECTRICITY REGULATORY COMMISSION

(for the State of Goa and Union Territories)

सत्यमेव जयते
एस. के. चतुर्वेदी अध्यक्ष
RESPONDENT
S. K. CHATURVEDI
INT ELECTRICITY REGULATORY COMMISSION
(For State of Goa & Union Territories)
PUBLIC HEARING
On
val of Business Plan and ARR Determination
T Control Period FY 2015-16 to FY 2017-18
FY 2013-14 and Review to FY 2014-15)
FY 2015-16 for the UT of Daman & Diu.
On
01.2015
At
d Hall, Govt. College, Nani Daman
09 01 2015

संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग

(गोवा राज्य और संघ राज्य क्षेत्र)

वित्तीय वर्ष 2014–15

के लिए

7वीं वार्षिक रिपोर्ट

(विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 105 के अंतर्गत)

संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग

गोवा राज्य व संघ राज्य क्षेत्र

'वाणिज्य निकुंज' द्वितीय तल, एचएसआइआईडीसी कार्यालय परिसर,

उद्योग विहार, फेज 5, गुड़गांव, 122016 (हरियाणा)

वेबसाइट: www.jercuts.gov.in

ई–मेल: secy-jerc@nic.in

विषय-वस्तु

क्रम सं0	विषय–वस्तु	पृष्ठ संख्या
1.	आयोग का संक्षिप्त परिचय	
	1.1 प्रस्तावना	3
	1.2 आयोग के सदस्यों का प्रोफाइल	4–5
	1.3 आयोग का कार्यालय	5
	1.4 संगठनात्मक संरचना	5
2.	आयोग का अधिदेश	6–7
3.	मिशन विवरण	8
4.	समीक्षाधीन वर्ष	9–18
5.	आय और व्यय को दर्शाता आयोग का वार्षिक लेखा	19–26
6.	सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत सूचना के विवरण	26
7.	आगामी वर्ष के लिए कार्ययोजना	27

1. आयोग का संक्षिप्त परिचय

1.1 प्रस्तावना

विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 83 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार ने दिल्ली को छोड़कर सभी संघ राज्य क्षेत्रों के लिए 'संघ राज्य क्षेत्रों के लिए विद्युत विनियामक आयोग' के नाम से ज्ञात एक दो–सदस्यीय (अध्यक्ष सहित) संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग का गठन किया, जिसका मुख्यालय दिल्ली में स्थित था, जैसाकि दिनांक 02 मई, 2005 की अधिसूचना संख्या 23/52/2003–आरएंडआर में निहित किया गया था। बाद में, गोवा राज्य के शामिल होने के उपरांत आयोग "गोवा राज्य और संघ राज्य क्षेत्रों के लिए संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग" के नाम से जाना जाने लगा, जैसा कि 30 मई, 2008 की अधिसूचना संख्या 23/52/2003–आरएंडआर (खण्ड–II) द्वारा अधिसूचित किया गया था। गोवा राज्य और संघ राज्य क्षेत्रों के लिए संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग ने अगस्त, 2008 से कार्य करना आरंभ किया। आयोग का कार्यालय वर्तमान में हरियाणा के गुड़गांव नगर में एक किराए के भवन में अवस्थित है।

वर्ष के दौरान, आयोग ने गोवा राज्य तथा संघ राज्य क्षेत्रों में एक उचित, पारदर्शी और उद्देश्यपरक विनियामक प्रक्रिया स्थापित करने का प्रयास किया है। वर्तमान वार्षिक रिपोर्ट, जो आयोग की 7$^{वीं}$ रिपोर्ट है, वित्तीय वर्ष 2014–15 के दौरान आयोग के क्रियाकलापों की रूपरेखा प्रस्तुत करती है।

किसी जांच अथवा कार्यवाही के प्रयोजन के लिए विद्युत अधिनियम, 2003 के अंतर्गत आयोग की वही शक्तियां हैं, जो अधिनियम की धारा 94 की उप–धारा (1) के अंतर्गत सूचीबद्ध विषयों के संबंध में दीवानी प्रक्रिया संहिता, 1908 के अंतर्गत किसी सिविल न्यायालय को निहित है।

आयोग के समक्ष चलने वाली सभी कार्यवाहियों को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 193 और 228 के अर्थों के अंतर्गत न्यायिक कार्यवाहियां माना जाता है तथा दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 345 और 346 के प्रयोजनों के लिए आयोग को एक सिविल न्यायालय माना जाता है। आयोग को विद्युत उत्पादन कंपनियों तथा लाइसेंस जारीकर्ताओं के बीच उत्पन्न होने वाले सभी विवादों का निर्णय करने अथवा इनकी मध्यस्थता करने और इनका निपटान करने के लिए माध्यस्थ मनोनित करने की संपूर्ण अधिकारिता है।

श्री एस के चतुर्वेदी
अध्यक्ष
अध्यक्ष (12.02.2014–आज तक)

1.2 आयोग के सदस्यों की प्रोफाइल

श्री एस0 के0 चतुर्वेदी ने लखनऊ विश्वविद्यालय से जियोलॉजी में एम0एससी0 (विशेष) की उपाधि प्राप्त की तथा आंध्र प्रदेश उत्पादकता परिषद से कार्मिक प्रबंधन और औद्योगिक संबंधों में स्नातकोत्तर डिप्लोमा हासिल किया। उन्होंने एएससीआई, हैदराबाद में एडवांस मैनेजमेंट कार्यक्रम में भी भाग लिया।

35 वर्ष के अपने कैरियर में भी श्री चतुर्वेदी ने अनेक अग्रणी सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों में सेवा की जैसे राष्ट्रीय खनिज विकास निगम, एनटीपीसी, पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया तथा एनएचपीसी। उन्हें ताप और जल, दोनों ही क्षेत्रों में विद्युत उत्पादन तथा विद्युत संप्रेषण परियोजनाओं के क्रियान्वयन का अनुभव रखने का विशिष्ट श्रेय प्राप्त है।

अगस्त, 2008 में, उन्हें केन्द्र के सार्वजनिक क्षेत्र के नवरत्न उपक्रम 'पावर ग्रिड' का अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया तथा उन्होंने ग्यारहवीं और बारहवीं पंचवर्षीय योजना में विद्युत क्षेत्र के लिए भारत सरकार द्वारा पारेषण प्रणाली के विकास के लिए निर्धारित किए गए लक्ष्य की चुनौती स्वीकार की। उनके नेतृत्व में वित्तीय वर्ष 2008–09, 2009–10 तथा 2010–11 के दौरान पावर ग्रिड ने अनेक उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की जैसे बजट उपयोगिता लक्ष्यों तथा समग्र समझौता ज्ञापन लक्ष्यों में वृद्धि करना, पावर ग्रिड में शेयरों को सफलतापूर्वक पेश करना, फॉलोऑन पब्लिक ऑफर (एफपीओ), राष्ट्रीय महत्व की परियोजनाओं को समय पर प्रारंभ करना, जैसे राष्ट्रीय लोड डिस्पैच सेंटर (एनएलडीसी) परियोजना और अफगानिस्तान में प्रतिष्ठित परामर्शी एसाइनमेंट्स आदि।

श्री चतुर्वेदी ने जेईआरसी में मई 2012 से पहले सदस्य के रूप में तथा बाद में फरवरी, 2014 में अध्यक्ष के रूप में कार्यभार ग्रहण किया।

उन्हें अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया, जिनमें उल्लेखनीय हैं – विश्व डब्ल्यूएचओ कांग्रेस द्वारा "श्रेष्ठ सीईओ पुरस्कार 2009" नेशनल एचआरडी नेटवर्क के दिल्ली चैप्टर द्वारा 'चेंज मास्टर्स' पुरस्कार, श्रेष्ठ मानव संसाधन प्रक्रियाओं के लिए राष्ट्रीय एचआरडी नेटवर्क पुरस्कार, भारतीय जन संपर्क सोसाइटी द्वारा पीआर उत्कृष्टता पुरस्कार तथा प्रबंधन के क्षेत्र में वृत्तिक योगदान के लिए एआईएमए की फेलोशिप।

श्री चतुर्वेदी ने "विश्व के अत्यंत वृहद् ऊर्जा ग्रिड आपरेटर्स' के अध्यक्ष तथा 'सीबीआईसी" के उपाध्यक्ष के पदों पर भी कार्य किया। वर्तमान में वे "आईआईपीई" के अध्यक्ष पद को सुशोभित कर रहे हैं।

1.3 सदस्य

सदस्य का पद 12.02.2014 से रिक्त है।

1.4 आयोग का कार्यालय

1992 बैच की आईएएंडएएस अधिकारी सुश्री कीर्ति तिवारी ने 12.06.2014 को प्रतिनियुक्ति पर आयोग में सचिव का पदभार ग्रहण किया।

गुजरात विद्युत विनियामक आयोग से श्री डी आर परमार, संयुक्त निदेशक (तकनीक) ने 30.10.2014 को प्रतिनियुक्ति पर आयोग में निदेशक (अभियांत्रिकी) का पदभार ग्रहण किया।

दिल्ली ट्रांस्को लिमिटेड से आए श्री अनीश गर्ग, प्रबंधक (तकनीक) ने 17.07.12 को प्रतिनियुक्ति पर आयोग में निदेशक (वित्त एवं विधि) का पदभार ग्रहण किया।

मानव संसाधन विकास मंत्रालय से आए श्री प्रमोद सिंह, वेतन व लेखा अधिकारी ने 01.08.2012 को प्रतिनियुक्ति पर प्रशासनिक सह–लेखा अधिकारी का पदभार ग्रहण किया।

ग्रामीण विकास मंत्रालय से आए श्री रमेश कुमार, निजी सचिव ने 06.11.2012 को प्रतिनियुक्ति पर प्रधान निजी सचिव का पदभार ग्रहण किया।

1.5 संगठनात्मक संरचना

विद्युत अधिनियम की धारा 91 के निबंधनों के अनुसार विद्युत मंत्रालय ने कर्मचारियों के पद स्वीकृत किए गए तथा तदनुसार भर्ती प्रक्रिया आरंभ की गई। संगठनात्मक संरचना (सचिवालयी समर्थन के बिना) नीचे दी गई है



*रिक्त

2. आयोग का अधिदेश

विद्युत अधिनियम, 2003 का उद्देश्य उत्पादन, पारेषण, वितरण, व्यापार और प्रयोग से संबंधित विधियों को सुदृढ़ बनाना तथा सामान्यतः विद्युत आयोग के विकास, उसमें विद्यमान प्रतिस्पर्धा के संवर्धन उपभोक्ताओं के हितों के संरक्षण तथा पारदर्शी नीतियों को सुनिश्चित करते हुए विद्युत टैरिफों को युक्तिसंगत बनाकर सभी क्षेत्रों में विद्युत की आपूर्ति के लिए अनुकूल उपाय करना है।

2.1 आयोग को निम्नलिखित कार्यों के निर्वहन का उत्तरदायित्व सौंपा गया है:–

(क) यथास्थिति थोक, अधितायत अथवा खुदरा में विद्युत उत्पाद, आपूर्ति, पारेषण और चक्रण के लिए टैरिफ अवधारित करना;

(ख) वितरण लाइसेंसधारकों की विद्युत क्रय और अधिप्राप्ति प्रक्रिया को विनियमित करना, जिसमें वह मूल्य भी शामिल है, जिस पर राज्य के भीतर विद्युत के वितरण और आपूर्ति के लिए उत्पादक कंपनियों अथवा लाइसेंसधारकों अथवा विद्युत की खरीद के लिए करारों के माध्यम से अन्य स्रोतों से बिजली अधिप्राप्त की जाएगी;

(ग) विद्युत के अंतर्राज्यीय पारेषण और चक्रण को सहायता प्रदान करना;

(घ) राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों के अंदर, उनके प्रचालनों के संबंध में पारेषण लाइसेंसधारकों, वितरण लाइसेंसधारकों और विद्युत व्यावसायियों के रूप में कार्य करने के इच्छुक व्यक्तियों को लाइसेंस जारी करना;

(ड.) ग्रिड के साथ संयोजनता तथा किसी व्यक्ति को बिजली के विक्रय के लिए उपयुक्त उपायों का प्रावधान करके नवीकरणीय स्रोतों से विद्युत के सह–उत्पादन और उत्पादन को प्रोत्साहित करना तथा साथ ही, ऐसे स्रोतों से विद्युत की खरीद के लिए वितरण लाइसेंस के क्षेत्र में बिजली की कुल खपत का प्रतिशत विहित करना;

(च) लाइसेंसधारकों और उत्पादक कंपनियों के बीच विवादों का निर्णय करना तथा किसी अन्य विवाद को माध्यस्थम के लिए निर्दिष्ट करना;

(छ) इस अधिनियम के अंतर्गत विनिर्दिश्ट प्रयोजनों के लिए शुल्क का उद्ग्रहण करना;

(ज) केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग द्वारा विनिर्दिष्ट भारतीय विद्युत ग्रिड संहिता (आईईजीसी) से सुसंगत राज्य ग्रिड संहिता विनिर्दिष्ट करना;

(झ) लाइसेंसधारकों द्वारा सेवा की गुणवत्ता, अनवरतता और विश्वसनीयता के संबंध में सन्नियमों को निर्दिष्ट अथवा प्रवर्तित करना;

(ञ) यदि आवश्यक समझा जाए, तो विद्युत के अंतर्राज्यीय व्यवसाय में व्यवसाय संभावना को नियत करना;

(ट) विद्युत क्रय करारों का अनुमोदन; और

(ठ) ऐसे अन्य कार्यों का निर्वहन, जो अधिनियम के अंतर्गत इसे विनिर्दिष्ट किए जाएं।

2.2 आयोग निम्नलिखित सभी अथवा इनमें से किसी एक मामले पर राज्य/संघ राज्य क्षेत्र को परामर्श देगा:

(क) विद्युत उद्योग के क्रियाकलापों में प्रतिस्पर्धा, दक्षता और मितव्यतता को प्रोत्साहित करना;

(ख) विद्युत उद्योग में निवेश को प्रोत्साहित करना;

(ग) राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों में विद्युत उद्योग का पुनर्गठन और पुनर्संरचना; और

(घ) विद्युत उत्पाद, संप्रेषण, वितरण और व्यवसाय से संबंधित मामले तथा सरकार द्वारा संयुक्त आयोग को निर्दिष्ट किया गया कोई अन्य मामला;

2.3 आयोग को अपने कार्यों का निर्वहन और अपने अधिकारों का प्रयोग करते समय पारदर्शिता सुनिश्चित करनी होगी।

2.4 अपने कार्यों के निर्वहन में, संयुक्त आयोग का मार्गदर्शन विद्युत अधिनियम, 2003 राष्ट्रीय विद्युत नीति, राष्ट्रीय विद्युत योजना और टैरिफ नीति द्वारा किया जाएगा।

जेईआरसी मुख्यालय, गुड़गांव में न्यायालय के कक्ष में सुनवाई

3. मिशन विवरण

संयुक्त विद्युत आयोग गोवा राज्य और संघ राज्य क्षेत्रों में एक कार्यकुशल और आर्थिक दृष्टि से सक्ष्म विद्युत प्रणाली का सृजन करने के लिए अपने अधिदेश को पूरा करने के प्रति समर्पित है, जिसके लिए यह किफायती दरों पर बिजली की विश्वसनीय आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अपने प्राथमिक उत्तरदायित्वों की पूर्ति करते हुए सभी हितधारकों के हितों की संरक्षा के लिए संतुलन स्थापित करता है तथा गोवा राज्य और संघ राज्य क्षेत्रों में लाइसेंसधारकों और उत्पादक कंपनियों के हितों की संरक्षा के लिए तथा साथ–ही–साथ उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए इसके कार्यों के निर्वहन में इसका मार्गदर्शन पारदर्शिता, उत्तरदायित्व, न्यायसंगतता और सहभागिता के सिद्धांतों द्वारा किया जाएगा।

उपर्युक्त उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए आयोग का लक्ष्य निम्नलिखित पर रहेगा:–

(क) गोवा राज्य तथा संघ राज्य क्षेत्रों के भीतर विद्युत उद्योग के क्रियाकलापों में प्रतिस्पर्धा, कार्यकुशलता और किफायत को बढ़ावा देना;

(ख) गोवा राज्य और संघ राज्य क्षेत्रों के अंतर विद्युत की बिक्री, वितरण और आपूर्ति के लिए वितरण लाइसेंसधारकों की विद्युत क्रय और अधिप्राप्ति प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से विनियमित करना;

(ग) नवीकरणीय स्रोतों से उत्पादित बिजली के सह उत्पादन और प्रयोग को प्रोत्साहित करना;

(घ) शिकायतों का त्वरित निपटान करने के लिए एक प्रभावी तंत्र के साथ उपभोक्ता संतुष्टि सुनिश्चित करना;

(ड.) ओपन–एक्सेस प्रणाली लागू करना तथा क्रॉस–सब्सिडी में कमी लाना;

(च) हितधारकों के लिए सरलता से सूचना प्राप्त करने की प्रणाली में सुधार करना।

चंडीगढ़ मे सार्वजनिक सुनवाई के समय का एक दृष्य

4. समीक्षाधीन वर्ष

4.1 विनियमों को जारी करना

वर्ष 2014–15 के दौरान निम्नलिखित विनियम जारी किए गए हैं:–

- विनियम संख्या 17: संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग (मांग की ओर का प्रबंधन) विनियम, 2014
- विनियम संख्या 18: संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग (बहुवर्षीय वितरण प्रशुल्क) विनियम, 2014

4.2 विनियमों में संशोधन

निम्न विनियमों मे वर्ष 2014–15 के दौरान संशोधन किया जा चुका है:.

1. विनियम संख्या 1. (व्यापार संचालन) तीसरा संशोधन विनियम, 2014.
2. विनियम संख्या 1. (व्यापार संचालन) चतुर्थ संशोधन विनियम, 2015.
3. विनियम संख्या. 3. (लोकपाल की नियुक्ति व कार्य) दूसरा संशोधन विनियम, 2015.
4. विनियम संख्या. 7. (राज्य सलाहकार समिति) प्रथम संशोधन विनियम, 2015.
5. विनियम संख्या 4 (उपभोक्ताओं की शिकायतों को दूर करने के लिए फोरम की स्थापना) दूसरा संशोधन विनियम, 2015.
6. विनियम संख्या. 8 (सलाहकारों की नियुक्ति) प्रथम संशोधन विनियम, 2015
7. विनियम संख्या 14 (नवीकरण ऊर्जा की खरीद) प्रथम संशोधन विनियम, 2014

4.3 आयोग की वेबसाइट

जेईआरसी की अपनी वेबसाइट www.jercuts.gov.in है, जिसे नियमित रूप से अद्यतन बनाया जाता है ताकि चालित किए जा रहे विभिन्न क्रियाकलापों के संबंध में इसके उपभोक्ताओं और अन्य हितधारकों को पारदर्शिता, आसान पहुंच तथा व्यापक प्रचार–प्रसार उपलब्ध कराया जा सके।

पारदर्शिता तथा हितधारकों की प्रतिभागिता को सुनिश्चित करने के लिए सभी याचिकाओं, आदेशों, टैरिफ आदेशों, विनियमों और अन्य प्रासंगिक नोटिसों को वेबसाइट पर रखा गया है।

4.4 उपभोक्तों के हितों का संरक्षण

4.4.1 शिकायतों का निस्तारण

विद्युत अधिनियम, 2003 की उद्देश्यिका उपभोक्ताओं के हितों के संरक्षण का विशेष उल्लेख करती हैं। अधिनियम की धारा 42 की उप–धारा (5) के अंतर्गत प्रत्येक वितरण लाइसेंसधारक द्वारा संयुक्त आयोग द्वारा यथाविनिर्दिष्ट दिशा–निर्देशों के अनुरूप उपभोक्ताओं की शिकायतों के निवारण के लिए फोरम की स्थापना का उपबंध किया गया है। इसके अलावा, अधिनियम की धारा 42 की उप–धारा (6) लोकपाल के नाम से ज्ञात एक प्राधिकरण की स्थापना भी उपबंध करती है, जिसकी नियुक्ति अथवा नाम निर्देशन संयुक्त आयोग द्वारा किया जाएगा। बिजली का कोई भी उपभोक्ता, जो उप–धारा (5) के अंतर्गत अपनी शिकायत के निवारण से संतुष्ट नहीं है,

वह अपनी शिकायत के निवारण के लिए लोकपाल को अभ्यावेदन कर सकता है।

गोवा और संघ राज्य क्षेत्र संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग (जेईआरसी) ने "जेईआरसी (लोकपाल की नियुक्ति और कार्यकरण) विनियम, 2009" नामक विनियम अधिसूचित किए हैं। ये विनियम गोवा राज्य तथा अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह, चण्डीगढ़, दादर और नगर हवेली, दमन एवं दीव, लक्षद्वीप और पुडुचेरी संघ राज्य क्षेत्रों के लिए लागू हैं। ये विनियम उपभोक्ताओं की शिकायतों के निवारण के लिए प्रक्रियाओं और दिशा–निर्देशों का उपबंध करते हैं।

ये विनियम आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

4.4.2 सीजीआरएफ की स्थापना

विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों के निवारण के लिए गोवा राज्य और संघ राज्य क्षेत्रों में वर्तमान में वितरण लाइसेंसधारियों /विद्युत विभागों द्वारा स्थापित उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम (सीजीआरएफ), कार्यरत है जिसका ब्यौरा नीचे दिया गया है :–

क्र. सं.	सीजीआरएफ	सदस्य का नाम	पद	कार्यालय का पता	संपर्क का पता	ई–मेल
1.	गोवा	1. श्री. वी. के. झा 2. श्री. नेलसन आइप पी. 3. श्रीमती सांड्रा वेज कोरय्या	अध्यक्ष सदस्य मनोनीत सदस्य	बिजली विभाग, चौथा तल, विद्युत भवन, वास्को–गोवा	9881102937 / 0832–2501836 7588459505 09422063637	Vkjha57@yahoo.com Nelson1950@rediffmail. com Adv.sandracorreia@gmail.com
2	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	1. श्री यामीन भो. मुरतजा 2. रिक्त 3. श्री. बासुदेव दास	अध्यक्ष सदस्य मनोनीत सदस्य	सीजीआरएफ का कार्यालय, हॉर्टीकल्चर रोड, हैड्डो, पोर्ट ब्लेयर	09434289754 03192– 244822 (कार्यालय) 09679507141	Cgrf.and.nic.in basudamails@gmail.com
3	चंडीगढ़	1. श्री. आर. के. अरोड़ा 2. श्री राम लक्षमण मित्तल 3. श्री जी. डी. सैनी	अध्यक्ष मनोनीत सदस्य सदस्य	कमरा नं. 531 और 530, 5वां तल, संघ राज्य क्षेत्र, सचिवालय, डीलक्स बिल्डिंग, सेक्टर 9डी, चंडीगढ़	09357156161 (0172–2745531) 08872441999	chairpersoncgrf@gmaii.com
4	दमन और दीव	1. श्री. ए. पी. वाघमारे 2. श्री. टी. डी. दावड़ा 3. श्री. रमाकांत मिश्रा	अध्यक्ष सदस्य मनोनीत सदस्य	बिजली विभाग, पावर हाउस बिल्डिंग, सी फेसिंग रोड, नानी, दमन – 396210	09833849653 09978228900	anii.india28@gmaii.com tarundavda@rediffmaii.com Ramakant5@yahoo.co.in
5	दादरा और नगर हवेली	1. श्री. बी. एन. मेहता 2. श्री चंद्रकांत एम. पारेख 3. रिक्त	अध्यक्ष मनोनीत सदस्य सदस्य	बिजली विभाग, दादरा और नगर हवेली, 66 केवी सबस्टेशन, अमली रोड, सिलवासा – 396230	09825400184 09824110521	Chairperson-cgrf@rediffmaii.com
6	लक्षद्वीप	1. श्री. एम. एन. चंद्रन 2. श्री. पी. अमीर 3. रिक्त	अध्यक्ष मनोनीत सदस्य सदस्य	कार्यपालक अभियंता (विद्युत), बिजली प्रभाग कार्यालय, लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र, कावारत्ती – 682 555	09446141777 09447602786	Lk-kteiect@nic.in
7	पुडुचेरी	1. श्री. के. रामसुब्रमण्यन 2. श्री. डी. गुणसेकरन 3. श्री. जी. वेंकटेशन	अध्यक्ष सदस्य मनोनीत सदस्य	सं. 4, थर्ड क्रॉस स्ट्रीट, सत्या नगर, न्यू सरम, पुडुचेरी – 605013		cgrfpon@gmail.com

प्रत्येक सीजीआरएफ के पास उसके वितरण लाइसेंसधारक/विद्युत विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई विद्युत सेवाओं के संबंध में उपभोक्ताओं की शिकायतों/परिवाद पर कार्रवाई करने की अधिकारिता है।

सीजीआरएफ उपभोक्ताओं को बिजली की आपूर्ति करने से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत अथवा परिवाद पर कार्रवाई कर सकते हैं, सिवाए विद्युत अधिनियम, 2003 के अंतर्गत धारा 126 और 127 (विद्युत का अप्राधिकृत प्रयोग) धारा 135 से 139 (विद्युत की चोरी तथा उसके लिए अपराध और शास्तियां) और धारा 161 (दुर्घटना आदि के नोटिस) के अंतर्गत उत्पन्न होने वाले मामलों को छोड़कर।

सीजीआरएफ ऐसी शिकायतों अथवा परिवाद को स्वीकार नहीं करता हैं, यदि वे उस समान विषय–वस्तु से संबंधित हैं, जिनके लिए किसी न्यायालय अथवा प्राधिकरण (वितरण लाइसेंसधारक के नियंत्रणाधीन को छोड़कर) अथवा फोरम के समक्ष कोई कार्रवाई लंबित हैं अथवा कोई डिक्री, पंचाट अथवा अंतिम आदेश पहले ही पारित किया गया है।

सीजीआरएफ, ऐसी बकाया राशियों की वसूली के संबंध में किसी शिकायत पर भी विचार नहीं करता हैं, जहां बिल की राशि विवादित नहीं होती है।

सीजीआरएफ किसी भी अवस्था में शिकायत/परिवाद को अस्वीकृत कर सकते हैं, यदि यह प्रतीत होता हैं कि वह तुच्छ, कष्टकर, असद्भावपूर्ण हैं अथवा बिना किसी पर्याप्त कारण के हैं अथवा उससे उपभोक्ता को प्रथम दृष्टतया कोई हानि अथवा क्षति अथवा असुविधा नहीं होती है। तथापि, सीजीआरएफ इस कारण से उपभोक्ताओं की शिकायतों को अस्वीकार करने से पूर्व उन्हें सुने जाने का अवसर प्रदान करते हैं।

उपभोक्ताओं द्वारा शिकायतों को दायर करने के लिए आदर्श प्रक्रियाएं सभी सीजीआरएफ को उपलब्ध कराई गई हैं तथा ये जेईआरसी की वेबसाइट पर भी उपलब्ध हैं। सीजीआरएफ को परामर्श दिया गया है कि यथानिर्धारित पद्धतियों के बारे में उपभोक्ताओं के मध्य जागरूकता का सृजन करें तथा विभिन्न बिल संग्रहण केन्द्रों तथा लाइसेंसधारकों के उप–प्रभागीय/प्रभागीय कार्यालयों में उन्हें सूचना–पट्टों में प्रदिर्शत करने तथा साथ ही उन्हें उनकी वेबसाइटों पर रखने के माध्यम से उनका पर्याप्त प्रचार–प्रसार करें। यह सलाह भी दी गई है कि आदर्श प्रक्रियाओं की प्रतियां सीजीआरएफ और लाइसेंसधारकों के कार्यालयों में भी सुलभ रखी जाएं ताकि बिजली के उपभोक्ता यदि अपनी जानकारी अथवा सूचना के लिए उन्हें प्राप्त करना चाहें, तो वे उसकी प्रतियां बिना किसी बाधा के प्राप्त कर सकें।

4.4.3 वर्ष के दौरान सीजीआरएफ द्वारा शिकायतों का निपटान :–

सीजीआरएफ का क्षेत्राधिकार / सीजीआरएफ द्वारा शिकायतों का निपटान	गोवा	चंडीगढ़	अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह	लक्षद्वीप	दमन और दीव	पुडुचेरी	दादर एवं नगर हवेली
पिछले वर्ष की समाप्ति पर बकाया शिकायतों की संख्या	02	17	01	1	2	33	5
वर्ष के दौरान प्राप्त शिकायतों की संख्या	24	175	13	9	10	110	48
वर्ष के दौरान निपटाई गई शिकायतों की संख्या	14	175	13	7	10	110	48
वर्ष की समाप्ति पर लंबित शिकायतों की संख्या	12	17	01	3	2	33	05
लंबित शिकायतों की संख्या जो दो महीनों से अधिक पुरानी हैं	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
वर्ष में सीजीआरएफ की बैठकों की संख्या	26	104	73	30	21	246	17

4.4.4 लोकपाल कार्यालय :–

आयोग द्वारा गोवा राज्य और संघ राज्य क्षेत्रों के लिए एक सांविधिक प्राधिकरण 'विद्युत लोकपाल' की नियुक्ति की गई है। विद्युत लोकपाल की प्रादेशिक अधिकारिता संपूर्ण गोवा राज्य तथा अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह, चण्डीगढ़, दादर और नगर हवेली, दमन और दीव, लक्षद्वीप और पुडुचेरी संघ राज्य क्षेत्रों पर भी लागू है। सीजीआरएफ द्वारा अपनी शिकायत अथवा परिवाद का निराकरण न किए जाने से व्यथित किसी भी उपभोक्ता के पास अपनी शिकायत अथवा विवाद के समाधान के लिए लोकपाल को अभ्यावेदन करने का विकल्प प्राप्त है। लोकपाल को "जेईआरसी (लोकपाल की नियुक्ति और कार्यकरण) विनियम, 2009 के उपबंधों के अनुसार उपभोक्ताओं की शिकायतों अथवा विवादों को निपटाने का कार्य सौंपा गया है।

लोकपाल प्रथमतः मेलमिलाप अथवा मध्यस्थता के माध्यम से शिकायतकर्ता और लाइसेंसधारक के बीच पारस्परिक सहमति से विवाद को सुलझाने का प्रयास करता है। परस्पर सहमति के माध्यम से निपटान करने में विफल रहने पर लोकपाल संबंधित पक्षकारों अर्थात् उपभोक्ता और लाइसेंसधारक विभाग की दलीलों के आधार पर विवादग्रस्त मामले पर निर्णय सुनाता है।

लोकपाल की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए, विस्तृत प्रक्रिया विनिर्धारित की गई है तथा उसे आयोग की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया गया है। इसका पर्याप्त प्रचार–प्रसार करने के लिए इसे सीजीआरएफ और लाइसेंसधारकों को भी प्रेषित किया गया है।

वर्ष 2014 – 15 के दौरान, गोवा राज्य और चण्डीगढ़, दादरा और नगर हवेली, लक्षद्वीप और पुडुचेरी के संघ राज्य क्षेत्रों में विद्युत उपभोक्ताओं द्वारा विद्युत लोकपाल के समक्ष 15 अभ्यावेदन दायर किए गए थे। अभ्यावेदनों की संख्या और इन अभ्यावेदनों का विषय मामला निम्नानुसार विस्तार से बताया गया है :

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	अभ्यावेदनों की संख्या	विषय–वस्तु	टिप्पणियां
गोवा	03	1. पुनः कनेक्शन 2. बिलिंग विवाद 3. दोषपूर्ण मीटर / अत्याधिक बिलिंग	1. स्वीकृत और उपभोक्ता के पक्ष में पंचाट / आदेश जारी किए गए। 2. स्वीकृत और उपभोक्ता के पक्ष में पंचाट / आदेश जारी किए गए। 3. स्वीकृत और उपभोक्ता के पक्ष में पंचाट / आदेश जारी किए गए।

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	अभ्यावेदनों की संख्या	विषय–वस्तु	टिप्पणियां
चंडीगढ़	08	1. बिलिंग विवाद 2. विविध प्रभारों की वसूली 3. अत्याधिक प्रभारों की वसूली 4. विद्युत के अत्याधिक बिल 5. पुनः कनेक्शन / मरम्मत 6. बिलों में अनुचित रूप से अत्यधिक विद्युत की खपत 7. औसत विद्युत के बिल का अतिरिक्त प्रभार 8. विद्युत बिल का अतिरिक्त प्रभार	1. स्वीकृत और उपभोक्ता के पक्ष में पंचाट / आदेश जारी किए गए। 2. स्वीकृत और उपभोक्ता के पक्ष में पंचाट / आदेश जारी किए गए। 3. स्वीकृत और उपभोक्ता के पक्ष में पंचाट / आदेश जारी किए गए। 4. स्वीकृत और उपभोक्ता के पक्ष में पंचाट / आदेश जारी किए गए। 5. स्वीकृत और उपभोक्ता के पक्ष में पंचाट / आदेश जारी किए गए। 6. स्वीकृत और उपभोक्ता के पक्ष में पंचाट / आदेश जारी किए गए। 7. स्वीकृत और उपभोक्ता के पक्ष में पंचाट / आदेश जारी किए गए। 8. स्वीकृत और उपभोक्ता के पक्ष में पंचाट/ आदेश जारी किए गए।
दादरा और नगर हवेली	01	1. पुनः कनेक्शन	1. लाइसेंसधारी और उपभोक्ता के बीच परस्पर निपटारा।
पुडुचेरी	03	1. पुनः कनेक्शन 2. पुनः कनेक्शन 3. सर्विस कनेक्शन का नाम स्थानांतरण	1. स्वीकृत और उपभोक्ता के पक्ष में पंचाट / आदेश जारी किए गए। 2. स्वीकृत और अनुकूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के बाद उपभोक्ता के पक्ष में पंचाट / आदेश जारी किए गए। 3. स्वीकृत और उपभोक्ता के पक्ष में पंचाट / आदेश जारी किए गए।

इस उपरोक्त तालिका में देखा जा सकता हैं, कि वर्ष के दौरान स्वीकृत कुल 15 अभ्यावेदनों /अपीलों में से 14 अभ्यावेदनों /अपीलों के संबंध में विद्युत लोकपाल द्वारा पंचाट /आदेश जारी किए गए थे

4.5 राज्य सलाहकार समिति

विद्युत अधिनियम 2003 के संदर्भ में जेईआरसी द्वारा वाणिज्य, उद्योग, परिवहन, कृषि, उपभोक्ताओं, गैर सरकारी संगठनों, शिक्षा और अनुसंधान के हित का प्रतिनिधित्व करने के लिए एक राज्य सलाहकार समिति का गठन किया गया। आयोग द्वारा संबंधित मुद्दों पर विचार विमर्श करने के लिए नियमित रूप से बैठकें की जाती हैं :

i. नीति के मुख्य प्रश्न;

ii. लाइसेंसधारियों द्वारा प्रदान की गई सेवा की गुणवत्ता, निरंतरता और इसके विस्तार से संबंधित मामले;

iii. लाइसेंसधारियों द्वारा अपने लाइसेंस की स्थिति और आवश्यकताओं के साथ अनुपालन;

iv. उपभोक्ता के हितों का संरक्षण;

v. उपयोगिताओं द्वारा निष्पादित विद्युत आपूर्ति और समग्र मानक

8वीं राज्य सलाहकार समिति की बैठक 11.09.2014, नई दिल्ली

4.6 प्रशुल्क आदेश

वित्तीय वर्ष 2015 – 16 से 2017 – 18 की बहुवर्षीय वितरण प्रशुल्क नियंत्रण अवधि के लिए बहुवर्षीय वितरण प्रशुल्क विनियम, 2014 के तहत सभी वितरण लाइसेंस धारकों से याचिकाएं प्राप्त हुई। हालांकि पूरी सूचना के अभाव और लाइसेंस धारियों द्वारा सूचना जमा करने के विलंब के कारण आयोग ने एमवायटी रूपरेखा के कार्यान्वयन को स्थगित करने का निर्णय लिया। तद्नुसार केवल वित्तीय वर्ष 2015 – 16 के लिए प्रशुल्क आदेश जारी किए गए, जिसके विवरण निम्नानुसार हैं :–

- अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह, दादरा और नगर हवेली (पारेषण प्रभाग), दमन और दीव और पुडुचेरी पावर कॉर्पोरेशन लि. (पीपीसीएल) के विद्युत विभागों के प्रशुल्क आदेश 31 मार्च 2015 को या उसके पहले जारी किए गए ।
- डीएनएच पावर डिस्ट्रीब्यूशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड के लिए प्रशुल्क आदेश 01.04.2015 को जारी किए गए ।
- गोवा के विद्युत विभाग के लिए प्रशुल्क आदेश 06.04.2015 को जारी किए गए ।
- चंडीगढ़ और पुडुचेरी के विद्युत विभागों के लिए प्रशुल्क आदेश 10.04.2015 को जारी किए गए ।
- लक्षद्वीप के विद्युत विभाग के प्रशुल्क आदेश 17.04.2015 को जारी किए गए ।

जेईआरसी मुख्यालय, गुड़गाव में 'राजभाषा हिंदी पखवाड़े' के दौरान पुरस्कार वितरण

4.7 जेईआरसी के क्षेत्राधिकार के तहत विद्युत जनोपयोगिताओं की मुख्य विशेषताएं*

वित्तीय वर्ष 2014–15								
क्र. सं.	विवरण	जनोपयोगिताएं						
		चंडीगढ़	गोवा	अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह	पुडुचेरी	दादर और नगर हवेली	दमन और दीव	लक्षद्वीप
1	उपभोक्ताओं की संख्या	2,07,889	6,08,601	1,22,405	4,27,440	63,715	57,536	20,657
2	कनेक्टेड लोड (किलोवॉट में)	13,77,060	27,47,675	1,93,955	3,84,978	13,29,390	7,39,949	8,424 केवीए
3	ऊर्जा विक्रय (एमयू)	1499.32	3114	223.81	2480	5223.86	1609.82	48.77
4	वसूल किए गए राजस्व (करोड़ रु.)	724.13	1147.44	106.45	1142.70	2219.32	776.44	13.30
5	आपूर्ति की औसत लागत (रु. / कि. वॉ. घं.)	3.85	4.36	26.64	4.52	4.39	5.16	28.00
6	औसत प्रशुल्क (रु. / कि. वॉ. घं.)	4.83	3.68	4.75	4.60	4.53	5.14	2.73
7	सकल राजस्व आवश्यकता (करोड़ रु.)	711.47	1359.92	596.33	1121.37	2292.67	779.69	136.56
8	वर्ष के लिए एआरआर (गैप) / अधिशेष (करोड़ रु.)	36.17	(212.48)	(489.88)	21.33	72.85	(3.25)	(123.26)
9	टी एंड डी हानि (प्रतिशत)	14%	11.50	17	12.00	4.70	8.70	14.00
10	एसीओएस (प्रतिशत) के प्रतिशत के रूप में औसत प्रशुल्क	128	84	18	102	103	100	10
11	प्रतिशत एसीओएस के रूप में घरेलू	86	43	11	54	59	50	उपलब्ध नहीं
12	एसीओएस के प्रतिशत के रूप में वाणिज्यिक	97	87	26	110	74	68	उपलब्ध नहीं
13	एसीओएस के प्रतिशत के रूप में औद्योगिक	94	88	20	121	107	105	उपलब्ध नहीं
14	एसीओएस के प्रतिशत के रूप में कृषि	48	42	5	7	19	16	उपलब्ध नहीं
15	कुल राजस्व के प्रतिशत के रूप में घरेलू राजस्व	43.82	11.92	30.59	14.75	1.02	2.83	उपलब्ध नहीं
16	कुल राजस्व के प्रतिशत के रूप में वाणिज्यिक राजस्व	33.96	15.01	37.67	8.17	0.37	2.00	उपलब्ध नहीं
17	कुल राजस्व के प्रतिशत के रूप में औद्योगिक राजस्व	15.14	46.00	6.27	76.92	98.44	94.39	उपलब्ध नहीं
18	कुल राजस्व के प्रतिशत के रूप में कृषि राजस्व	0.06	0.49	0.11	0.16	0.02	0.02	उपलब्ध नहीं

*आंकड़े वित्तीय वर्ष 2014–15 के समीक्षा आदेश से लिए गए हैं।

4.8 टी एंड डी और क्षेत्रीय संप्रेषण घाटे

क्रम सं.	लाइसेंसधारक का नाम	वित्तीय वर्ष 2014–15	
		जेईआरसी द्वारा स्वीकृत टी एंड डी घाटा (प्रतिशत)	क्षेत्रीय संप्रेषण घाटा (प्रतिशत)
1.	गोवा राज्य	11.50	3.71
2.	अंडमान और निकोबार संघ राज्य क्षेत्र*	17.00	लागू नहीं
3.	चंडीगढ़ संघ राज्य क्षेत्र	14.75	3.78
4.	दमन और दीव संघ राज्य क्षेत्र	8.70	3.71
5.	दादरा एवं नगर हवेली संघ राज्य क्षेत्र	4.70	3.71
6.	पुडुचेरी संघ राज्य क्षेत्र	12.00	5.00
7.	लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र*	14.00	लागू नहीं

*क्षेत्रीय/राष्ट्रीय ग्रिड से जुडा नहीं हैं।

4.9 वित्तीय वर्ष 2014–15 में याचिकाओं की स्थिति

1.04.2014 की स्थिति के अनुसार याचिकाएं	6
वित्तीय वर्ष 2014–15 के दौरान प्राप्त याचिकाएं	33
वित्तीय वर्ष 2014–15 में कुल याचिकाएं	39
वित्तीय वर्ष 2014–15 के दौरान याचिकाओं का निपटारा	37
31.03.2015 की स्थिति के अनुसार याचिकाएं	2

क्रमांक	विवरण
1.	जेईआरसी (विद्युत आपूर्ति कोड) विनियम, 2010 और जेईआरसी (विद्युत आपूर्ति कोड) प्रथम संशोधन विनियम, 2013 के कुछ प्रावधान में स्पष्टीकरण के लिए याचिका विद्युत विभाग – पुडुचेरी : याचिकाकर्ता
2.	जेईआरसी प्रशुल्क विनियम 2009 के विनियम 7(3) और एफपीपीसीए आदेश दिनांक 27.06.2012 के तहत गोवा के विद्युत विभाग हेतु ईंधन और विद्युत क्रय लागत समायोजन (एफपीपीसीए) सूत्र की समीक्षा के लिए याचिका विद्युत विभाग – गोवा : याचिकाकर्ता

4.10 स्वयंप्रेरित (स्वो–मोटो) याचिकाएं

क्र. सं. 4.9 में निर्दिष्ट याचिकाओं के अलावा, वित्तीय वर्ष 2014–15 में आयोग द्वारा ली गई स्वयंप्रेरित याचिकाओं की स्थिति निम्नानुसार हैं :

01.04.2015 की स्थिति के अनुसार स्वयंप्रेरित याचिकाएं	3
2014–15 में आरंभिक स्वयंप्रेरित याचिकाएं	0
कुल	3
2014–15 के दौरान स्वयंप्रेरित याचिकाओं का निपटारा	2
31.03.2015 की स्थिति के अनुसार स्वयंप्रेरित याचिकाएं	1

31.03.2015 की स्थिति के अनुसार प्रक्रियाधीन स्वयंप्रेरित याचिकाओं का विवरण

क्र. सं.	इस मामले में
i.	उपभोक्ता मीटिरिंग, रीडिंग और बिलिंग की श्रेणीवार स्थिति प्रतिवादी : सचिव (विद्युत), गोवा राज्य सचिव (विद्युत), अंडमान और निकोबार संघ राज्य क्षेत्र सचिव (विद्युत), चंडीगढ़ संघ राज्य क्षेत्र सचिव (विद्युत), दमन और दीव संघ राज्य क्षेत्र सचिव (विद्युत), दादरा एवं नगर हवेली संघ राज्य क्षेत्र सचिव (विद्युत), लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र सचिव (विद्युत), पुडुचेरी संघ राज्य क्षेत्र

दमन से 9 जनवरी, 2015 को जन सुनवाई का दृष्य

5. आय और व्यय को दर्शाता आयोग का वार्षिक लेखा

आयोग को वर्ष 2013–14 से संबंधित 8.32 लाख रु. के बचत के अलावा सहायता अनुदान के रूप में वर्ष 2014–15 के लिए बजट अनुमान में 542 लाख रु. के बजट का आबंटन किया गया।

5.1 वर्ष 2014–15 के लिए आय और व्यय का विवरण :–

क्रम सं	विवरण	आय (लाख रु.)	व्यय (लाख रु.)
	अग्रेषित शेष राशि	8.32	
क	आय :		
	अनुदानों / ऋणों / सब्सिडी द्वारा		
	भारत सरकार से (सहायता अनुदान)		
	स्वीकृति सं. और तिथि के माध्यम से प्राप्त सहायता अनुदान		
	i. 47/6/2010–आर एंड आर 21.04.2014	200.00	
	ii. 47/6/2010–आर एंड आर 18.09.2014	200.00	
	iii. 47/6/2010–आर एंड आर 28.01.2015	142.00	
	कुल	542.00	
	एफओआर से प्राप्त अंशदान / सदस्यता		
	रॉयल्टी, प्रकाशनों आदि द्वारा		
	बचत खाते पर ब्याज		
ख	व्यय :		
1.	वेतन (आयोग के अध्यक्ष और सदस्य)		22.59
2.	वेतन (अधिकारी और प्रतिष्ठान)		68.09
3.	व्यावसायिकों और अन्य सेवाओं के लिए भुगतान।		
	(क) व्यावसायिक		76.46
	(ख) अन्य सेवाएं		47.02
	i. कार्मिकों की बाहर से नियुक्ति 41.81		
	ii. गृह प्रबंधन के लिए की बाहर से नियुक्ति 3.32		
	iii. सुरक्षा कार्मिकों की बाहर से नियुक्ति 1.89		
4.	घरेलू यात्रा	–	27.28
5.	विदेश यात्रा	–	–

क्रम सं	विवरण		आय (लाख रु.)	व्यय (लाख रु.)
6.	सीपीएफ*		–	1.22
7.	विद्युत और ऊर्जा		–	2.63
8.	किराए की दर और कर		–	177.23
9.	वाहन (वाहनों को किराए पर लेना)		–	13.37
10.	डाक, टेलीफोन और संचार शुल्क		–	3.77
11.	लेखन सामग्री		–	6.11
12.	एफओआर / एफओआईआर आदि के लिए सदस्यता		–	7.96
13.	सेमिनार और सम्मेलन		–	1.99
14.	विधिक शुल्क		–	2.64
15.	विज्ञापन और प्रकाशन		–	7.79
16.	अन्य :			
	क) कार्यालय व्यय	24.92		25.17
	ख) बैंक प्रभार	0.07	–	
	ग) विविध	0.18		
17.	मशीनरी और उपकरण		–	4.10
18.	फर्नीचर और फिक्चर्स		–	0.91
19.	लोकपाल पर व्यय		–	39.52
	कुल		–	535.85
	बैंक में शेष		–	14.47
	कुल		550.32	550.32

टिप्पणी : उपरोक्त आंकड़े आयोग के आंतरिक अभिलेखों पर आधारित हैं।

*अध्यक्ष के संबंध में सरकारी अंशदान।

5.2 वित्तीय वर्ष 2014–15 के लिए विद्युत विभाग – गोवा और संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त वार्षिक लाइसेंस शुल्क

क्रम सं.	प्राप्ति की तिथि	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र/अन्य	राशि (रुपए में)
1.	01.04.2014	विद्युत विभाग, गोवा	50,00,000
2.	03.04.2014	विद्युत विभाग, चंडीगढ़	27,83,000
3.	11.04.2014	विद्युत विभाग, पुडुचेरी	62,10,070
4.	26.08.2014	विद्युत विभाग, अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	5,96,550
5.	04.09.2014	विद्युत विभाग, दमन और दीव	49,87,000
6.	01.10.2014	विद्युत विभाग, डीएनएचपीडीसीएल	99,00,000
7.	01.10.2014	विद्युत विभाग, डीएनएचपीडीसीएल (पारेषण प्रभाग)	22,49,500
8.	16.03.2015	विद्युत विभाग, लक्षद्वीप	72,817
	कुल		3,17,98,937

5.2 (1) वित्तीय वर्ष 2015–16 के लिए विद्युत विभाग– गोवा और संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त वार्षिक लाइसेंस शुल्क

क्रम सं.	प्राप्ति की तिथि	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र/अन्य	राशि (रुपए में)
1.	03.03.2015	विद्युत विभाग, पुडुचेरी	60,87,670
2.	27.03.2015	विद्युत विभाग, गोवा	56,84,750
	कुल		1,17,72,420

5.3 वित्तीय वर्ष 2014–15 के दौरान प्राप्त याचिका शुल्क :–

क्र. सं.	प्राप्ति की तिथि	याचिकाकर्ता / विभाग	राज्य / संघ राज्य क्षेत्र / अन्य	राशि (रुपए में)
1.	07.04.2014	मे. प्रकाश इंडस्ट्रियल लि.	आवेदक की भूमि पर अवैध निर्माण के प्रयास के मामले में याचिका और दिनांक 27.03.2014 को आदेश।	10,000/–
2.	11.04.2014	मे. ग्रीन एनर्जी एसोसिएशन, मुंबई	जेईआरसी (अक्षय ऊर्जा की खरीद) विनियमन, 2010 के अनुपालन के मामले में स्वयंप्रेरित कार्रवाई	10,000/–
3.	28.04.2014	ईडी – चंडीगढ़	जेईआरसी निर्देशों के कार्यान्वयन के लिए आदेश दिनांक 11.02.2014 के अनुसार समय बढ़ाने की मांग के लिए याचिका	10,000/–
4.	27.05.2014	ईडी–गोवा	पुनर्विचार याचिका दर्ज करने के लिए शुल्क	75,000/–
5.	30.05.2014	सीआरईएसटी	आदेश दिनांक 11.04.2014 के खिलाफ पुनर्विचार याचिका को दर्ज करना	10,000/–
6.	03.06.2014	ईडी–चंडीगढ़	वित्तीय वर्ष 2014–15 के प्रशुल्क आदेश के संबंध में पुनर्विचार याचिका	70,610/–
7.	09.06.2014	मे. केम्फेब अल्कालिस लि. और अन्य	ईडी – पुडुचेरी के लिए आदेश दिनांक 25.04.2014 की पुनर्विचार याचिका	25,000/–
8.	08.07.2014	ईडी–पुडुचेरी	वित्तीय वर्ष 13–14 के तिमाही 1 और 2 के लिए घरेलू उपभोक्ता श्रेणी के दावे करने की छूट के लिए आयोग के अनुमोदन की मांग करने के लिए याचिका	10,000/–
9.	08.07.2014	ईडी– पुडुचेरी	अस्थायी श्रेणी के लिए खपत के विभिन्न वॉल्टेज स्तरों के रिटेल आपूर्ति और मान्यता की अस्थायी श्रेणी के निर्धारण के लिए याचिका	10,000/–
10.	08.07.2014	ईडी– पुडुचेरी	जेईआरसी (विद्युत आपूर्ति कोड) विनियम, 2010 और प्रथम संशोधन, 2013 के कुछ प्रावधानों में स्पष्टीकरणों के लिए याचिका	10,000/–
11.	08.07.2014	डीएनएचपीडीसीएल	वार्षिक आधार पर 145 मिलियन यूनिट अक्षय ऊर्जा विद्युत की खरीद के लिए आरएफपी दस्तावेजों के संबंध में जेईआरसी के अनुमोदन की मांग करने के लिए याचिका	10,000/–
12.	19.08.2014	ईडी–दमन	जेईआरसी विनियम के मुक्त पहुंच के तहत लाभ उठाने के लिए खुली पहुंच वाले उपभोक्ताओं द्वारा भुगतान योग्य अतिरिक्त प्रभार के निर्धारण के लिए जेईआरसी के अनुमोदन की मांग करने के लिए याचिका	10,000/–

13.	19.08.2014	ईडी–दमन	वार्षिक आधार पर 70 मिलियन यूनिट अक्षय ऊर्जा विद्युत की खरीद के लिए आरएफपी दस्तावेजों के संबंध में जेईआरसी के अनुमोदन की मांग करने के लिए याचिका	10,000/–
14.	19.08.2014	ईडी–चंडीगढ़	याचिका सं. 129 /2014 के माध्यम से जेईआरसी द्वारा दिनांक 24.06.2014 को पारित आदेशों की समीक्षा के लिए आपत्तिकर्ता की ओर से आवेदन	10,000/–
15.	12.09.2014	मे. परफेक्ट फिलामेंट्स लि.	विद्युत अधिनियम, 2003 की घोर उपेक्षा में 4,82,213 रु. की अतिरिक्त राशि की वसूली के लिए विद्युत अधिनियम, 2003 के अनुभाग 62 (6) के तहत याचिका	1,000/–
16.	26.09.2014	ईडी–पुडुचेरी	एनपीसीआईएल के साथ दर्ज कराए जाने के लिए पीपीए के अनुमोदन की मांग करने हेतु शुल्क	10,000/–
17.	01.10.2014	ईडी – दमन	वित्तीय वर्ष 2015–18 की अवधि में एमवाईटी के लिए व्यापार योजना को दाखिल करना	1,00,000/–
18.	01.10.2014	ईडी–पुडुचेरी	वित्तीय वर्ष 2015–16 से 2017–18 तक की अवधि के लिए एमवाईटी व्यापार योजना के लिए शुल्क	1,00,000/–
19.	20.10.2014	ईडी–चंडीगढ़	रामपुर हाइड्रो इलेक्ट्रिक परियोजना, हि. प्र. से विद्युत की आपूर्ति के लिए मे. एसजेवीएनएल के साथ ईडी–चंडीगढ़ द्वारा दर्ज कराए जाने के लिए मसौदा पीपीए प्रस्ताव के अनुमोदन की मांग के लिए आवेदन	1,00,000/–
20.	20.10.2014	पुडुचेरी पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड	पीपीसीएल गैस पावर स्टेशन के लिए वित्तीय वर्ष 2014–15 के लिए प्रशुल्क का निर्धारण, वित्तीय वर्ष 11–12, 12–13 के लिए प्रमाणन और वित्तीय वर्ष 13–14 की समीक्षा हेतु प्रशुल्क आदेश दिनांक 25.04.2014 से जुड़े अतिरिक्त प्रस्तुतिकरण और स्पष्टीकरण को जमा करना	1,00,000/–
21.	10.11.2014	ईडी–चंडीगढ़	जेईआरसी (सीओबी) विनियमन, 2009 के खंड 82 के तहत जेईआरसी निर्देश सं. 1 और 2 के अनुपालन के लिए समय के विस्तार के लिए याचिका	10,000/–
22.	12.11.2014	ईडी–चंडीगढ़	याचिका सं. 129/2014 में जेईआरसी द्वारा पारित आदेश दिनांक 24.06.2014 के संदर्भ में पुनर्विचार याचिका के लिए शुल्क	10,000/–

23.	17.11.2014	ईडी – अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	वित्तीय वर्ष 2015–16 से 2017–2018 तक एमवाईटी नियंत्रण अवधि के 3 वर्षों के लिए व्यापार योजना को प्रस्तुत करने के लिए शुल्क	1,00,000/–
24.	20.11.2014	ईडी–चंडीगढ़	वित्तीय वर्ष 2015–16 से 2017–2018 तक व्यापार योजना और एमवाईटी नियंत्रण अवधि के लिए यात्रिका को दर्ज करने हेतु समय के विस्तार के लिए याचिका शुल्क	10,000/–
25.	03.12.2014	डीएनएचपीडीसीएल	डीएनएचपीडीसीएल के लिए वित्तीय वर्ष 2015–18 हेतु व्यापार योजना और एमवाईटी नियंत्रण अवधि के अनुमोदन हेतु याचिका	1,00,000/–
26.	03.12.2014	डीएनएचपीडीसीएल	विलम्ब की माफी के लिए शुल्क	10,000/–
27.	03.12.2014	डीएनएचपीडीसीएल	वितरण के लिए वित्तीय वर्ष 2015–16 से 17–18 की एमवाईटी नियंत्रण अविधि के लिए एआरआर और वित्तीय वर्ष 2015–16 के लिए प्रस्तावित शुल्क के अनुमोदन हेतु याचिका	8,25,000/–
28.	03.12.2014	ईडी – दमन	दमन और दीव संघ राज्य क्षेत्र के लिए वित्तीय वर्ष 2015–16 से वित्तीय वर्ष 2017–18 के लिए नियंत्रण अवधि हेतु एआरआर और एमवाईटी निर्धारण के अनुमोदन के लिए याचिका	6,50,000/–
29.	03.12.2014	ईडी – डीएनएच	पारेषण प्रभाग के लिए वित्तीय वर्ष 2015–16 हेतु एआरआर और प्रस्तावित प्रशुल्क के अनुमोदन हेतु याचिका	15,00,000/–
30.	03.12.2014	ईडी–पुडुचेरी	एनपीसीआईएल के साथ दर्ज कराए जाने के लिए पीपीए हेतु अनुमोदन की मांग करने के संशोधित शुल्क प्रस्तुत करना	6,60,000/–
31.	15.12.2014	ईडी – अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	ईडी–ए एंड एन के एमवाईटी व्यापार योजना 2015–16 से 2017–18 के लिए समय का विस्तार का प्रस्तुतिकरण	10,000/–
32.	15.12.2014	ईडी – अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	वित्तीय वर्ष 2015–16 से वित्तीय वर्ष 2017–18 तक 3 वर्षों की नियंत्रण अवधि के लिए एमवाईटी याचिका का प्रस्तुतिकरण	5,34,500/–
33.	16.12.2014	ईडी–गोवा	ईडी–गोवा के एमवाईटी व्यापार योजना 2015–16 से 2017–18 के लिए समय बढ़ाने के लिए प्रस्तुतिकरण	10,000/–
34.	16.12.2014	पुडुचेरी पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड	वित्तीय वर्ष 2015–16 के लिए पीपीसीएल गैस पावर स्टेशन के प्रशुल्क याचिका को दर्ज करने में देरी की माफी के लिए आवेदन	10,000/–
35.	02.01.2015	ईडी–पुडुचेरी	वित्तीय वर्ष 2015–16 से 2017–18 तक नियंत्रण अवधि के लिए एमवाईटी याचिका को दर्ज करने के लिए शुल्क	7,50,000/–
36.	06.01.2015	पुडुचेरी पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड	01.04.15 से 31.03.16 के लिए पीपीसीएल गैस पावर स्टेशन के लिए प्रशुल्क याचिका को दर्ज करने के लिए शुल्क	10,00,000/–

37.	22.01.2015	ईडी–चंडीगढ़	वित्तीय वर्ष 2015–16 से वित्तीय वर्ष 2017–18 के नियंत्रण अवधि के लिए व्यापार योजना और एमवाईटी याचिका को दर्ज करने के लिए समय के अन्य विस्तार को दर्ज करने के लिए शुल्क	10,000/–
38.	24.01.2015	ईडी–चंडीगढ़	चंडीगढ़ के इंजीनियरिंग विभाग के विद्युत विंग के वित्तीय वर्ष 15–16 से 17–18 के लिए व्यापार योजना के अनुमोदन हेतु याचिका	1,00,000/–
39.	24.01.2015	ईडी–गोवा	20.12.14 तक व्यापार योजना को दर्ज करने के लिए देरी की माफी के लिए आवेदन	10,000/–
40.	24.01.2015	ईडी–गोवा	वित्तीय वर्ष 2015–16 से वित्तीय वर्ष 2017–18 तक नियंत्रण अवधि के लिए एमवाईटी याचिका को दर्ज करने के लिए शुल्क	7,70,000/–
41.	24.01.2015	ईडी–गोवा	20.12.14 तक एमवाईटी याचिका के दर्ज करने के लिए समय का विस्तार करने के लिए शुल्क	10,000/–
42.	24.01.2015	ईडी–गोवा	15.01.15 तक एमवाईटी याचिका के दर्ज करने के लिए समय के विस्तार के लिए शुल्क	10,000/–
43.	24.01.2015	ईडी–गोवा	15.01.15 तक व्यापार योजना दर्ज करने के लिए समय के विस्तार के लिए शुल्क	10,000/–
44.	24.01.2015	ईडी–गोवा	वित्तीय वर्ष 2015–16 से वित्तीय वर्ष 2017–18 के लिए व्यापार योजना को दर्ज करने के लिए शुल्क	1,00,000/–
45.	10.02.2015	ईडी–लक्षद्वीप	वित्तीय वर्ष 2015–16 से वित्तीय वर्ष 2017–18 तक नियंत्रण अवधि के लिए एमवाईटी याचिका को दर्ज करने के लिए शुल्क	5,04,000/–
46.	10.02.2015	ईडी–लक्षद्वीप	वित्तीय वर्ष 2015–16 से वित्तीय वर्ष 2017–18 के लिए व्यापार योजना को दर्ज करने के लिए शुल्क	1,00,000/–
47.	27.02.2015	ईडी–गोवा	एफपीपीसीए सूत्र के पुनर्विचार के लिए शुल्क	10,000/–
48.	30.03.2015	ईडी–चंडीगढ़	एमवाईटी याचिका दर्ज करने के लिए समय के विस्तार हेतु शुल्क	10,000/–
49.	18.03.2015	ईडी–चंडीगढ़	वित्तीय वर्ष 2015–16 से वित्तीय वर्ष 2017–18 की नियंत्रण अवधि के लिए एमवाईटी याचिका को दर्ज करने के लिए शुल्क	7,25,500/–
		कुल		92,32,610/–

अन्य शुल्क

क्र. सं.	प्राप्ति की तिथि	याचिकाकर्ता / विभाग	विवरण	(राशि रुपए में)
1.	29.05.2014	मे. शैलेष सिंह एडवोकेट्स	आदेश दिनांक 19.05.2014 की प्रमाणित प्रति के लिए शुल्क	40/–
2.	17.06.2014	मे. रितेश कुमार चौधरी, एडवोकेट्स	डीएनएचपीडीसीएल के दिनांक 05.05.14 के प्रशुल्क आदेश की प्रमाणित प्रति	800/–
3.	17.09.2014	मे. एलीगेंट कास्टिंग प्रा. लि.,	सिलवासा आदेश दिनांक 05.05.2014 की प्रमाणित प्रति के अनुदान के लिए शुल्क	800/–
		कुल		1640/–.

6. सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत सूचना के विवरण

निदेशक (वित्त एवं विधि) को आयोग के जन सूचना अधिकारी के रूप में मनोनीत किया गया है। वर्ष के दौरान आवेदनों की प्राप्ति और निपटारे की संख्या निम्नानुसार हैं :–

आवेदनों की प्राप्ति	20
आवेदनों का निपटारा	20
आवेदन जिनकी जानकारी से इनकार किया गया	शून्य

7. आगामी वर्ष के लिए कार्य योजना

7.1 तीन वित्तीय वर्ष अर्थात वित्तीय वर्ष 2016–17 से वित्तीय वर्ष 2018–19 की नियंत्रण अवधि के लिए व्यापार योजना का निर्गमन

वित्तीय वर्ष 2016–17 से वित्तीय वर्ष 2018–19 की नियंत्रण अवधि के लिए व्यापार योजना याचिका के अनुमोदन के लिए आदेश पर कार्रवाई का प्रस्ताव है और उन्हें मध्य अक्तूबर, 2015 तक जारी किया जाना है।

7.2 वित्तीय वर्ष 2016–17 से वित्तीय वर्ष 2018–19 की नियंत्रण अवधि के लिए बहुवर्षीय प्रशुल्क आदेशों का निर्गमन

वित्तीय वर्ष 2016–17 से वित्तीय वर्ष 2018–19 की नियंत्रण अवधि के लिए सात वितरण लाइसेंस धारकों के लिए बहुवर्षीय प्रशुल्क आदेश जारी करने का प्रस्ताव है।

7.3 उत्पादन और पारेषण प्रशुल्क आदेश जारी करना

वित्तीय वर्ष 2015–16 के अंत तक पीपीसीएल के लिए उत्पादन प्रशुल्क आदेश और ईडी – डीएनएच के लिए पारेषण प्रशुल्क आदेश जारी करने का कार्य पूरा होने का प्रस्ताव है।

7.4 राज्य सलाहकार समिति –

विनियम जेईआरसी 07 /2009 के संदर्भ में राज्य सलाहकार समिति की नियमित बैठकों की योजना बनाई जा रही है। समिति की दो बैठकें वित्तीय वर्ष 2015–16 में अनुसूचित हैं।

7.5 सौर विद्युत प्रशुल्क तय करना – भूमि पर लगाए गए ग्रिड संबद्ध और सौर रुफ टॉप के साथ निवल मीटरिंग विनियम

जेईआरसी – भूमि पर लगाए गए ग्रिड संबद्ध और सौर रुफ टॉप के साथ निवल मीटरिंग विनियम, 2015 आयोग द्वारा अनुमोदित किए गए हैं और ये भारत सरकार से राज पत्र अधिसूचना के बाद प्रभावी होंगे। ये विनियम वित्तीय वर्ष 2015–16 की प्रथम तिमाही में अधिसूचित किए जाएंगे।

7.6 विनियमों में संशोधन

मौजूदा विनियमों की समीक्षा प्रगति पर है और संशोधन जारी करने की लक्ष्य तिथि 30 नवंबर 2015 निर्धारित की गई है।

JOINT ELECTRICITY REGULATORY COMMISSION
(FOR THE STATE OF GOA & UNION TERRITORIES)

7th Annual Report

for the Financial Year

2014-15

(Under Section 105 of the Electricity Act, 2003)

JOINT ELECTRICITY REGULATORY COMMISSION
FOR THE STATE OF GOA AND UNION TERRITORIES
'Vanijya Nikunj', 2nd Floor, HSIIDC Office Complex,
Udyog Vihar, Phase-V, Gurgaon-122016(Haryana)
Website: www.iercuts.gov.in
E-mail: secy-jerc@nic.in

Contents

S.No.	Content		Page No.
1.	**THE COMMISSION IN BRIEF**		
	1.1	Introduction	3
	1.2	Profile of Members of the Commission	4-5
	1.3	Office of the Commission	5
	1.4	Organization structure	5
2.	**THE MANDATE OF THE COMMISSION**		**6-7**
3.	**MISSION STATEMENT**		**8**
4.	**THE YEAR IN RETROSPECT**		**9-18**
5.	**ANNUAL ACCOUNTS OF THE COMMISSION SHOWING INCOME AND EXPENDITURE**		**19-25**
6.	**DETAILS OF INFORMATION UNDER THE RTI ACT, 2005**		**26**
7.	**WORK PLAN FOR THE YEAR AHEAD**		**26- 27**

1. THE COMMISSION IN BRIEF

1.1 Introduction

